कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

कृषि अनुसंधान भवन - I, पूसा, नई दिल्ली - 110 012

विषय: कृषि ज्ञान प्रबंध निदेशालय में हिंदी अनुवादकों के पैनल के विस्तार के संबंध में।

हिन्दी अनुवादकों को सूचीबद्ध करने हेतु शैक्षिक, तकनीकी एवं कार्य अनुभव संबन्धित योग्यता।

अनुवादकों हेतु योग्यता एवं अनुभव

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम स्नातक डिग्री।
- कृषि एवं संबद्ध विज्ञान (सस्य विज्ञान, पुष्प विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान, वानिकी, मात्स्यिकी, बागवानी आदि) के क्षेत्र में अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने का कम से कम पांच वर्ष का प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों/ सरकारी विभागों में कार्य अनुभव।

मानदेय दर:

1.अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद, टंकण एवं प्रूफ-रीडिंग	1500/- रुपये प्रति हजार शब्द

चयन:

- निदेशालय द्वारा तय किए गए अनुभव, योग्यता और अन्य मापदंडो पर विचार करने के बाद केवल 15 अनुवादकों को पैनल में रखने हेतु विशेषज्ञ समिति के द्वारा सिफारिश की जाएगी।*
- पैनल में केवल योग्य और अनुभवी व्यक्तियों को ही शामिल किया जायेगा। एजेंसी/फर्म पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवश्यकता पड़ने पर लिखित परीक्षा या साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।*

समय सीमा

- कार्यालय आदेश संख्या DKMA/25-1/2022-GAS दिनांक 12.08.2022 के अनुसार मौजूदा पैनल 11.08.2025 तक वैध होगा, आवश्यकतानुसार इसे एक वर्ष या अधिक समय के लिए बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन:

- सादे कागज पर उपरोक्त विवरण सहित अपने सम्पूर्ण डाक पते, ई-मेल और फोन नंबर की जानकारी देते हुए आवेदन करें।
- योग्यता और अनुभव संबंधी दस्तावेजों की प्रतियां संलग्न करें जिनमें संबंधित कार्यकलापों का विवरण हो तथा पुष्टि की जा सके। किये गये कार्यों के संक्षिप्त नमूने भी संलग्न कर सकते हैं।
- कार्यालय आदेश संख्या DKMA/25-1/2022-GAS दिनांक 12.08.2022 के तहत पहले से सूचीबद्ध हिंदी अनुवादकों को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
- परियोजना निदेशक, कृषि ज्ञान प्रबंधन निदेशालय हिंदी अनुवाद कार्य को किसी भी स्तर पर वापस लेने या पूरे पैनल को किसी भी स्तर पर निरस्त का अधिकार सुरक्षित रखता है। सभी मामलों में परियोजना निदेशक, कृषि ज्ञान प्रबंधन निदेशालय (डीकेएमए), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) का निर्णय अंतिम और अनुवादकों के लिए बाध्यकारी होगा।
- विज्ञापन के प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर आवेदन अनुभाग अधिकारी, सामान्य प्रशासन अनुभाग, कमरा संख्या 612, छठी मंजिल, कृ.ज्ञा.प्र.नि. कृषि अनुसंधान भवन-1, पूसा, नई दिल्ली-110012 के पते पर पहुंच जाने चाहिए। ईमेल (soga.dkma@icar.gov.in) के माध्यम से भेजे गए आवेदन के मामले में, मूल आवेदन पैनल में शामिल होने के समय जमा करना होगा।

भा.कृ.अ.नु.प-कृ.ज्ञा.प्र.नि. पूसा, नई दिल्ली में हिन्दी अनुवादकों के पैनल के लिए आवेदन प्रपत्र का प्रारूप।

(क) सामान्य जानकारी:

1.	पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)		फोटो (स्वप्रमाणित)
2.	पिता/पति का नाम		
3.	लिंग		
4.	जन्म तिथि	............../............../	
5.	संपर्क नंबर		मोबाइल नंबर
6.	ई-मेल		
	ई-मेल (अन्य)		
8.	पत्राचार का पता		
9.	स्थायी पता		

(ख) योग्यता (विधिवत प्रमाण पत्र के साथ समर्थित)

(ग) अनुभव (विधिवत प्रमाण पत्र के साथ समर्थित)

(घ) अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो:

घोषणा:- मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी (यदि चयनित/सूचीबद्ध की जाती है), सक्षम प्राधिकारी, भाकृअनुप- कृ.ज्ञा.प्र.नि. द्वारा निर्धारित अन्य कार्रवाई के अलावा बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती है।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक